Punjab Kesari 11-01-2013

रंग ला रहा है निगम का पालीथीन मुक्ति अभियान

वाटिका बिजनेस पार्क हुआ पालीथीन मुक्त घोषित

गुड़गांव, (ऋषि आचार्य): गुड़गांव शहर को पालीथीन मुक्त करने के नगर निगम गुड़गांव द्वारा चलाए जा रहे अभियान में आज सोहना रोड स्थित वाटिका बिजिनेस पार्क को पालीथीन से मुक्त घोषित कर दिया गया। इस अभियान में निगमायुक्त विजय सिंह दहिया के निर्देशानुसार हुडा के संपदा अधिकारी-। नरेन्द्र यादव ने आज वाटिका बिजनेस पार्क को पालीथीन मुक्त क्षेत्र घोषित किया। उन्होंने इस अवसर पर खुशी जाहिर करते हुए गुड़गांव को पालीथीन से मुक्त करने के लिए वाटिका बिजनेस पार्क के कंपनी एलवायरो की भागेदारी को उचित बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह से बिजिनेस पार्क व माल्स आदि द्वारा गुड़गांव को पालीथीन से मुक्ति दिलाने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने पालीथीन मुक्त करने के लिए नगर निगम व माल प्रबंधन की टीम को बधाई दी।

उन्होंने सभी नागरिकों को पालीथीन से छुटकारा दिलाने का आह्वान करते हुए इसके इस्तेमाल न करने पर जोर दिया। उन्होंने पर्यावरणीय दृष्टि से गुड़गांव को पालीथीन से मुक्ति दिलाने पर बल दिया। निगम पार्षद राजेन्द्र यादव ने कहा कि पालीथीन से मुक्ति दिलाना सभी नागरिकों का सामूहिक दायित्व है इसमें गुड़गांव के वाटिका बिजिनेस पार्क प्रबंधन ने अपने पार्क को पालीथीन से मुक्त व्यवसायिक स्थान घोषित करवा कर सामुदायिक भागीदारी का परिचय दिया है। इसी तरह अन्य व्यवसायिक स्थानों, माल्स व बड़े बाजार, संगठन आदि अपने-अपने क्षेत्रों को पालीथीन से मुक्त घोषित करवाएं। इस अवसर पर एनवायरो वाटिका सुविधा प्रबंधन के महाप्रबंधक एके सिंह ने पालीथीन मुक्त करने के दायित्वों की पूर्ति में सहयोग देने के लिए अधिकारियों को आश्वस्त किया। उन्होंने गुड़गांव को पालीथीन से मुक्ति दिलाने के लिए किए जा रहे प्रयासों में नगर निगम द्वारा किए जा रहे प्रयासों को सार्थक बताया। इस अवसर पर निगम पार्षद राजेन्द्र यादव, जनसंपर्क अधिकारी संजय धुंध, एनवायरो वाटिका सुविधा प्रबंधन की सोनिया थोहरा, नेहा, पार्क प्रबंधक विक्रम यादव, विभिन्न व पत्तियों के प्रबंधक प्रदीप कुमार, रविन्द्र नि यस, संजय डडवाल, एलएन गर्ग, विजय किरसे, सचिन अनुभव अरिया आदि शामिल थे।

गुड़गांव को पालीथीन मुक्त करने के अभियान में वाटिका बिजिनेस पार्क पर उपस्थित हुडा के ईओ-। नरेन्द्र यादव, निगम पार्षद राजेन्द्र यादव व अन्य तथा नगर निगम क्षेत्र में अधिकारी एवं वाटिका बिजिनेस पार्क में पालीथिन-मुक्त बैनर के साथ। (छाया: ऋषि आचार्य)

दस चालान पर 16 हजार जुर्माना ठोका

गुड़गांव, (पीसी आर्य): पोलीथीन कैरी बैग की रोकथाम हेतु निगम टीम का चैकिंग अभियान गुरुवार को सायं 6.15 बजे जारी रहा। निगम से सम्बद्ध दोनों टीमों ने आज 10 चालान कर कुल 16 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया। मुख्य सफाई अधिकारी विजेन्द्र शर्मा ने बताया कि डा. अरुण सांगवान के नेतृत्व वाली टीम ने सांगवान सिटी मार्केट-2 स्थित चैक शाप, टवि कुमार, टैट पोस्ट, सुप्रिम ड्राईक्लीनर्स, रेनबो ड्राईक्लीनर्स सहित 5 दुकानों पर पोलिथिन कैरी बैग इस्तेमाल करते पकड़े गए। जिन पर ढाई-ढाई हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार सीएमओ डा. वीके धापर की टीम ने श्री डीएलएफ-2 मार्केट में फ्लोर आफ मुगल्स राकेश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, भगत दुकान, रमेश जैन व सुभाष चंद जैन को भी पोलीथिन उपयोग करते देखने पर जुर्माना लगाया गया। इन दोनों टीमों में मुख्य स. अधिकारी विजेन्द्र शर्मा शामिल हुए। सीएमओ डा. वीके धापर के अनुसार पोलीथिन की रोकथाम हेतु अभियान जारी रहेगा।